ज्ञापांक- 860/ 05-04-2022

**दिनांक–29.03.2022 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ की गई विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः–** यथा संधारित।

दिनांक–29.03.2022 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त विशेष सर्वेक्षण की प्रगति एवं दिए गए निदेश निम्नवत् है।

बैठक में सर्वप्रथम निदेशक महोदय द्वारा भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–736 दिनांक–28.03.2022 के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारियों से जिलावार प्रस्तुतीकरण देने का अनुरोध किया गया। प्रतिवेदित किया गया कि केवल मुंगेर, पश्चिमी चम्पारण एवं सीतामढ़ी द्वारा ही प्रस्तुतीकरण समर्पित किया गया है। उक्त परिस्थिति में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्तर से तैयार किए गए प्रस्तुतीकरण के आधार पर विशेष सर्वेक्षण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलों से प्राप्त MIS प्रतिवेदन के आधार पर प्रथम चरण अन्तर्गत राजस्व ग्रामों में किए जा रहे ग्राम सीमा सत्यापन किस्तवार, खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, प्रारूप प्रकाशन एवं अन्तिम रूप से प्रकाशित राजस्व ग्राम का जनवरी, फरवरी एवं मार्च–2022 के तृतीय सप्ताह की प्रगति के आधार जिलों का प्रतिवेदन निम्नवत् पाया गयाः–

**SPECIAL SURVEY 2022 1: DISTRICT REPORT : JANUARY 3rd WEEK** **PHASE - 1**

| SL No. | | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Total Khesra | Tri-Junction Validation (Section 6, Rule 7(1)) (15%) | | Boundary Verification (Section 6, Rule 7(1)) (10%) | | Boundary Updated Map's Supply (10%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule 7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (5%) | | RANK |
| District | | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | |
| MUNGER | 5 | 13 | 324 | 110858 | 772 | 100.0% | 323 | 99.7% | 322 | 99.38% | 218 | 67.28% | 101 | 31.17% | 58 | 17.90% | 33 | 10.185% | 1 |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 314 | 416343 | 1071 | 100.0% | 313 | 99.7% | 311 | 99.04% | 106 | 33.76% | 33 | 10.51% | 27 | 8.60% | 30 | 9.554% | 2 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 290 | 367768 | 738 | 100.0% | 290 | 100.0% | 290 | 100.00% | 135 | 46.55% | 15 | 5.17% | 2 | 0.69% | 2 | 0.690% | 3 |
| NALANDA | 9 | 17 | 415 | 667174 | 998 | 78.5% | 410 | 98.8% | 397 | 95.7% | 150 | 36.14% | 19 | 4.58% | 17 | 4.10% | 11 | 2.651% | 4 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 256 | 444029 | 605 | 83.4% | 233 | 91.0% | 179 | 69.9% | 61 | 23.83% | 27 | 10.55% | 13 | 5.08% | 11 | 4.297% | 6 |
| JAMUI | 3 | 6 | 155 | 123165 | 373 | 85.6% | 149 | 96.1% | 130 | 83.9% | 36 | 23.23% | 4 | 2.58% | 3 | 1.94% | 0 | 0.000% | 7 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 440 | 364972 | 1037 | 91.0% | 235 | 53.4% | 174 | 39.55% | 143 | 32.50% | 74 | 16.82% | 56 | 12.73% | 53 | 12.045% | 8 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 116 | 313675 | 342 | 99.7% | 115 | 99.1% | 78 | 67.2% | 22 | 18.97% | 1 | 0.86% | 1 | 0.86% | 0 | 0.000% | 5 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 130 | 417179 | 438 | 98.9% | 130 | 100.0% | 113 | 86.9% | 9 | 6.92% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 9 |
| PURNIA | 1 | 4 | 110 | 47865 | 205 | 92.8% | 94 | 85.5% | 56 | 50.91% | 25 | 22.73% | 1 | 0.91% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 10 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 200669 | 248 | 100.0% | 51 | 63.8% | 48 | 60.0% | 8 | 10.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 12 |
| BANKA | 5 | 12 | 310 | 306780 | 812 | 100.0% | 285 | 91.9% | 47 | 15.2% | 44 | 14.19% | 4 | 1.29% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 11 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 185 | 161231 | 440 | 57.6% | 173 | 93.5% | 107 | 57.84% | 38 | 20.54% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 14 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 412 | 351154 | 637 | 62.8% | 189 | 45.9% | 115 | 27.91% | 85 | 20.63% | 36 | 8.74% | 34 | 8.25% | 30 | 7.282% | 13 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 254 | 729956 | 550 | 91.7% | 110 | 43.3% | 44 | 17.32% | 11 | 4.33% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 15 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 253 | 297226 | 507 | 78.0% | 130 | 51.4% | 20 | 7.91% | 13 | 5.14% | 1 | 0.40% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 16 |
| ARARIA | 2 | 6 | 156 | 149037 | 488 | 51.2% | 51 | 32.7% | 30 | 19.23% | 5 | 3.21% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 17 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 163 | 93118 | 219 | 50.1% | 33 | 20.2% | 14 | 8.59% | 5 | 3.07% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 18 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 460 | 441486 | 579 | 46.1% | 90 | 19.6% | 19 | 4.1% | 7 | 1.52% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 20 |
| ARWAL | 5 | 13 | 316 | 332853 | 356 | 39.6% | 61 | 19.3% | 26 | 7.91% | 11 | 3.48% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 19 |
| Total Count | 89 | 208 | 5139 | 6336538 | 11415 | 80.3% | 3465 | 70% | 2519 | 50.9% | 1132 | 19.90% | 316 | 4.68% | 211 | 0.60 | 170 | 2.34% | |

**Best Performing Districts :**

| | | |
|---|---|---|
| MUNGER | SHEIKHPURA | W.CHAMPARAN |

**Least Performing Districts :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| JEHANABAD | ARARIA | KHAGARIA | KISHANGANJ | ARWAL |

## SPECIAL SURVEY 2022 :: DISTRICT REPORT : FEBRUARY 3rd WEEK

PHASE -

| SL No. | | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Total Khesra | Tri-Junction Validation (Section 6, Rule 7(1)) (15%) | | Boundary Verification (Section 6, Rule 7(1)) (10%) | | Boundary Updated Map's Supply (10%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule 7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (5%) | | RANK |
| District | | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | |
| MUNGER | 5 | 13 | 324 | 110858 | 717 | 92.9% | 300 | 92.6% | 299 | 92.28% | 231 | 71.30% | 99 | 30.56% | 58 | 17.90% | 54 | 16.667% | 1 |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 314 | 416343 | 994 | 92.8% | 311 | 99.0% | 304 | 96.82% | 166 | 52.87% | 66 | 21.02% | 57 | 18.15% | 51 | 16.242% | 2 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 290 | 367768 | 738 | 100.0% | 290 | 100.0% | 290 | 100.00% | 180 | 62.07% | 25 | 8.62% | 7 | 2.41% | 5 | 1.724% | 3 |
| NALANDA | 9 | 17 | 415 | 667174 | 987 | 99.8% | 413 | 99.5% | 403 | 97.1% | 185 | 44.58% | 22 | 5.30% | 22 | 5.30% | 12 | 2.892% | 4 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 256 | 444029 | 686 | 94.6% | 256 | 100.0% | 231 | 90.2% | 105 | 41.02% | 29 | 11.33% | 14 | 5.47% | 11 | 4.297% | 5 |
| JAMUI | 3 | 6 | 155 | 123165 | 373 | 85.6% | 150 | 96.8% | 150 | 96.8% | 49 | 31.61% | 8 | 5.16% | 3 | 1.94% | 2 | 1.290% | 6 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 116 | 313675 | 342 | 99.7% | 116 | 100.0% | 84 | 72.4% | 35 | 30.17% | 3 | 2.59% | 1 | 0.86% | 1 | 0.862% | 7 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 440 | 364972 | 1096 | 96.1% | 253 | 57.5% | 185 | 42.05% | 149 | 33.86% | 81 | 18.41% | 59 | 13.41% | 57 | 12.955% | 8 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 130 | 417179 | 361 | 100.0% | 130 | 100.0% | 130 | 100.0% | 21 | 16.15% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 9 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 200669 | 249 | 100.0% | 79 | 98.8% | 79 | 98.8% | 11 | 13.75% | 1 | 1.25% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 10 |
| PURNIA | 1 | 4 | 110 | 47865 | 205 | 92.8% | 95 | 86.4% | 76 | 69.09% | 27 | 24.55% | 1 | 0.91% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 11 |
| BANKA | 5 | 12 | 310 | 306780 | 839 | 100.0% | 299 | 96.5% | 145 | 46.8% | 59 | 19.03% | 9 | 2.90% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 12 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 185 | 161231 | 444 | 58.1% | 173 | 93.5% | 88 | 47.57% | 62 | 33.51% | 9 | 4.86% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 13 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 412 | 351154 | 704 | 69.4% | 223 | 54.1% | 122 | 29.61% | 94 | 22.82% | 38 | 9.22% | 34 | 8.25% | 30 | 7.282% | 14 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 254 | 729956 | 595 | 99.2% | 159 | 62.6% | 87 | 34.25% | 15 | 5.91% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 15 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 253 | 297226 | 533 | 82.0% | 157 | 62.1% | 36 | 14.23% | 23 | 9.09% | 1 | 0.40% | 1 | 0.40% | 0 | 0.000% | 16 |
| ARARIA | 2 | 6 | 156 | 149037 | 673 | 70.5% | 79 | 50.6% | 50 | 32.05% | 15 | 9.62% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 17 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 163 | 93118 | 299 | 68.4% | 61 | 37.4% | 27 | 16.56% | 5 | 3.07% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 18 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 460 | 441486 | 768 | 61.2% | 154 | 33.5% | 36 | 7.8% | 14 | 3.04% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 19 |
| ARWAL | 5 | 13 | 316 | 332853 | 436 | 48.4% | 90 | 28.5% | 27 | 8.54% | 20 | 6.33% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 20 |
| Total Count | 89 | 208 | 5139 | 6336538 | 12039 | 85.6% | 3788 | 77% | 2849 | 59.6% | 1466 | 26.72% | 392 | 6.13% | 256 | 0.74 | 223 | 3.21% | |

**Best Performing Districts :**

| | | |
|---|---|---|
| MUNGER | SHEIKHPURA | W. CHAMPARAN |

**Least Performing Districts :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| JEHANABAD | ARARIA | KHAGARIA | KISHANGANJ | ARWAL |

## SPECIAL SURVEY 2022 :: DISTRICT REPORT : MARCH 3rd WEEK PHASE - 1

| SL No. | | | | 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | | 6 | | 7 | | 8 | | 9 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PARAMETERS | Total Circle | Total Shivir | Total Mauza | Tri-Junction Validation (Section 6, Rule 7(1)) (5%) | | Boundary Verification (Section 6, Rule 7(1)) (5%) | | Boundary Updated Map's Supply (5%) | | Kishtwaar (Mauza) (Section 6, Rule 7) (20%) | | Khanapuri (Mauza) (Section 7, Rule 9) (25%) | | Form-6 Entry in Software (Completed Mauza) (15%) | | LPM & Form-7 Distribution (Mauza) (10%) | | Darft Publication Form-12 (Mauza) (10%) | | Final Publication Form-20 (Mauza)(5%) | | RANK |
| District | | | | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | % | A. COUNT | A. COUNT | |
| MUNGER | 5 | 13 | 313 | 761 | 100.0% | 312 | 99.7% | 312 | 99.68% | 261 | 83.39% | 122 | 38.98% | 69 | 22.04% | 65 | 20.767 % | 41 | 13.099 % | 12 | 3.834% | 1 |
| SHEIKHPURA | 6 | 15 | 314 | 994 | 99.0% | 311 | 99.0% | 304 | 96.82% | 208 | 66.24% | 71 | 22.61% | 66 | 21.02% | 62 | 19.745 % | 26 | 8.280% | 14 | 4.459% | 2 |
| W. CHAMPARAN | 4 | 11 | 281 | 711 | 100.0% | 281 | 100.0% | 281 | 100.00 % | 216 | 76.87% | 38 | 13.52% | 11 | 3.91% | 11 | 3.915% | 2 | 0.712% | 0 | 0.000% | 7 |
| SUPAUL | 5 | 12 | 252 | 631 | 92.0% | 234 | 92.9% | 233 | 92.5% | 139 | 55.16% | 29 | 11.51% | 15 | 5.95% | 14 | 5.556% | 5 | 1.984% | 0 | 0.000% | 3 |
| PURNIA | 1 | 4 | 72 | 205 | 100.0% | 72 | 100.0% | 62 | 86.11% | 46 | 63.89% | 6 | 8.33% | 1 | 1.39% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 4 |
| MADHEPURA | 4 | 6 | 114 | 342 | 100.0% | 114 | 100.0% | 110 | 96.5% | 56 | 49.12% | 13 | 11.40% | 4 | 3.51% | 4 | 3.509% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 6 |
| NALANDA | 9 | 17 | 396 | 982 | 100.0% | 396 | 100.0% | 396 | 100.0% | 202 | 51.01% | 26 | 6.57% | 24 | 6.06% | 18 | 4.545% | 2 | 0.505% | 0 | 0.000% | 5 |
| BEGUSARAI | 10 | 19 | 440 | 1189 | 100.0% | 308 | 70.0% | 197 | 44.77% | 153 | 34.77% | 82 | 18.64% | 56 | 12.73% | 59 | 13.409 % | 44 | 10.000 % | 15 | 3.409% | 8 |
| JAMUI | 3 | 6 | 155 | 374 | 95.7% | 151 | 97.4% | 145 | 93.5% | 64 | 41.29% | 12 | 7.74% | 3 | 1.94% | 2 | 1.290% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 9 |
| BANKA | 5 | 12 | 309 | 853 | 100.0% | 306 | 99.0% | 229 | 74.1% | 115 | 37.22% | 17 | 5.50% | 2 | 0.65% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 10 |
| KATIHAR | 3 | 7 | 185 | 444 | 95.1% | 173 | 93.5% | 112 | 60.54% | 75 | 40.54% | 13 | 7.03% | 2 | 1.08% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 12 |
| SAHARSA | 3 | 5 | 122 | 361 | 100.0% | 122 | 100.0% | 122 | 100.0% | 44 | 36.07% | 1 | 0.82% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 11 |
| SHEOHAR | 3 | 3 | 80 | 249 | 100.0% | 80 | 100.0% | 80 | 100.0% | 15 | 18.75% | 4 | 5.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 13 |
| LAKHISARAI | 5 | 16 | 412 | 734 | 72.3% | 250 | 60.7% | 129 | 31.31% | 104 | 25.24% | 45 | 10.92% | 39 | 9.47% | 38 | 9.223% | 24 | 5.825% | 6 | 1.456% | 14 |
| SITAMARHI | 4 | 9 | 253 | 651 | 100.0% | 253 | 100.0% | 127 | 50.20% | 26 | 10.28% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 15 |
| ARARIA | 2 | 6 | 144 | 749 | 79.3% | 113 | 78.5% | 80 | 55.56% | 15 | 10.42% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 16 |
| JEHANABAD | 4 | 10 | 240 | 610 | 93.8% | 213 | 88.8% | 46 | 19.17% | 27 | 11.25% | 1 | 0.42% | 1 | 0.42% | 1 | 0.417% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 17 |
| KHAGARIA | 4 | 7 | 163 | 339 | 83.3% | 131 | 80.4% | 49 | 30.06% | 11 | 6.75% | 2 | 1.23% | 1 | 0.61% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 18 |
| ARWAL | 5 | 13 | 314 | 642 | 86.4% | 213 | 67.8% | 51 | 16.24% | 25 | 7.96% | 2 | 0.64% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 19 |
| KISHANGANJ | 4 | 17 | 460 | 1138 | 90.7% | 315 | 68.5% | 51 | 11.1% | 22 | 4.78% | 0 | 0.00% | 0 | 0.00% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 0 | 0.000% | 20 |
| Total Count | 89 | 208 | 5019 | 12959 | 94.4% | 4348 | 90% | 3116 | 67.9% | 1824 | 36.55% | 484 | 8.54% | 294 | 4.54% | 274 | 4.12% | 144 | 2.02% | 47 | 0.66% | |

**Best Performing Districts :**

| | | |
|---|---|---|
| MUNGER | SHEIKHPURA | W.CHAMPARAN |

**Least Performing Districts :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ARARIA | JEHANABAD | KHAGARIA | ARWAL | KISHANGANJ |

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\Proceeding\Proceeding_29.03.2022.docx

जनवरी, फरवरी एवं मार्च–2022 तुलनात्मक प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि अधि जिलों द्वारा ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जहानाबाद, अरवल, बांका, कटिह द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अन्दर ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण हो जाएगा। किशनगंज द्वारा बताया गया कि अंतराष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित ग्रामों का पूर्णियाँ के प्रतिबंधित ग्राम के साथ सम्बद्ध ग्राम की सीमा सत्यापित करने में समस्या आ रही है। बेगूसराय द्वारा कुल 440 में से 315 एवं लखीसराय द्वारा कुल 412 में 278 ग्रामों का सीमा सत्यापित होने के बारे में बताया गया कि एजेंसी द्वारा पर्याप्त संख्या में ETS उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की जा सकी है। बेगूसराय में अभी कुछ दिन पूर्व 8 ETS और लखीसराय में मात्र 3 ETS एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। दोनों जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि अगले दो सप्ताह में ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। किस्तवार कार्य की प्रगति में अररिया में विगत एक माह में कोई प्रगति नहीं पाई गई। शेष सभी जिलों में किस्तवार एवं खानापुरी कार्य की धीमी प्रगति के बारे में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा ETS एवं अन्य संसाधन समय पर उपलबध नहीं कराने एवं ग्राम सीमा सत्यापन तथा किस्तवार पश्चात् अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं किए जाने के कारण किस्तवार एवं खानापुरी की प्रगति बाधित हो रही है। यह भी बताया गया कि एक राजस्व ग्राम के अनेक उपभागों (बट्टा नम्बर) में विभक्त रहने, नदी में समाहित व निकली हुई भूमि, बकाश्त भूमि, सुनवाई प्रक्रिया में वादी प्रतिवादी को अधिक समय दिए जाने आदि के कारण भी प्रगति बाधित हो रही है।

दिनांक– 16.03.2022 एवं 17.03.2022 की समीक्षात्मक बैठक में प्रथम चरण अन्तर्गत सभी राजस्व ग्रामों में प्रारूप प्रकाशन के लिए निर्धारित की गई तिथि एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिलावार बनाई गई कार्य–योजना के सम्बन्ध में बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिन राजस्व ग्रामों में 2000 या उससे अधिक खेसरा हैं वहाँ खानापुरी में अधिक समय लगने के कारण जून–जुलाई–2022 तक अधिकार अभिलेख के प्रकाशन करने में समस्या आएगी।

जिलावार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के कार्य में प्रगति लाने के लिए निम्नांकित निदेश दिए गए:–

(i) हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा प्रक्रमवार आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों की प्रक्रिया को गति प्रदान करने के लिए निदेशालय स्तर से अविलंब नोडल पदाधिकारी नियुक्त कर प्रतिदिन हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जाए।

(ii) बिहार सर्वे ट्रेकर के माध्यम से प्रतिदिन किस्तवार, खानापुरी अमीनों की उपस्थिति एवं अमीन डायरी के संधारण की समीक्षा की जाए। प्रतिदिन किस अमीन द्वारा कितने खेसरों का किस्तवार एवं खानापुरी संपन्न किया गया। सर्वे ट्रेकर के अनुसार जिन राजस्व ग्रामों की निर्धारित अवधि में किस्तवार, खानापुरी का कार्य सम्पन्न नहीं किया जा रहा है, वहाँ ग्रामवार समीक्षा कर संलग्न कर्मियों के कार्य अनुसार वेतन में कटौती की जाए।

(iii) विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत की जानेवाली सुनवाई की प्रक्रिया में अपनाई जानेवाली अर्द्ध–न्यायिक प्रक्रिया के स्थानीय प्रकृति को देखते हुए सुनवाई के लिए वादी एवं प्रतिवादी को कम दिनों का यथा 2 से 3 दिनों का अंतराल दिया जाए एवं कम–से–कम यथासंभव 2 तिथियों में सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए।

(iv) बकाश्त भूमि के सम्बन्ध में यदि रैयतों के नाम से जमाबंदी कायम है एवं शांतिपूर्ण दखलकब्जा है तो स्वामित्व निर्धारण करने के क्रम में बिहार काश्तकारी अधिनियम–1885 एवं भूमि सुधार अधिनियम–1950 की सुसंगत धाराओं, विभागीय पत्र एवं तकनीकी मार्गदर्शिका के आलोक में कार्रवाई की जाए।

(v) हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को प्रक्रमवार अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति के लिए तैयार Map Module में प्रविष्टियों को अद्यतन नहीं किया गया है, उनसे अविलंब पृच्छा की जाए। साथ ही दिनांक–05.04.2022 को हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के उच्चस्तरीय प्रबंधन के साथ बैठक निर्धारित की जाए।

(vi) CVMS एवं CIMS में की जानेवाली प्रविष्टियों को अद्यतन किया जाए।

(vii) विशेष सर्वेक्षण कार्य में अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त के अपेक्षित सहयोग के लिए प्रमण्डलीय आयुक्तों को अनुरोध–पत्र दिया जाए।

उक्त समीक्षा एवं निदेशों के उपरांत बन्दोबस्त पदाधिकारियों को उनके जिले की प्रगति एवं समस्या से संबंधित प्रस्तुतीकरण उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। इस क्रम में सर्वप्रथम मुंगेर के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने जिले का प्रस्तुतीकरण दिया गया। जिलों द्वारा आधारित प्रस्तुतीकरण एवं विशिष्ट समस्याओं से सम्बन्धित प्रतिवेदन निम्नवत् हैः–

| क्र0 | जिला का नाम | प्रस्तुतीकरण एवं समस्या |
|---|---|---|
| 1. | मुंगेर | • दिनांक–31 मार्च– 2022 तक किस्तवार की प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य।<br>• 10000 खेसरों से कम ग्रामों के लिए 15 जून–2022 के पूर्व प्रारूप प्रकाशन की कार्य–योजना।<br>• बिन्दा दियारा के वैसे ग्राम जिनका मानचित्र 1934–35 का है और Not for Sale के साथ प्रकाशित है, उनको बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से प्राप्त करने की अनुमति अपेक्षित।<br>• कुछ ग्राम यथा तारापुर अंचल के महेशपुर जहाँ चकबन्दी को Denotified नहीं किया गया है किन्तु रैयत चकबन्दी के अनुसार दखल में है। |
| 2. | बेगूसराय | • आगामी 15 दिनों में शेष बचे ग्रामों में ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य।<br>• सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) का स्थानान्तरण हो गया। अतः पदस्थापन आवश्यक है।<br>• हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा पर्याप्त संसाधन एवं सहयोग उपलब्ध नहीं कराने के कारण अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | सीतामढ़ी | • हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति सस नहीं की जा रही है।<br>• सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) का पद रिक्त है।<br>• कुछ अंचलों में अंतराष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित ग्रामों के ग्राम–सीमा सत्यापन में कठिनाई आ रही है।<br>• R2R सॉफ्टवेयर अंतर्गत 11 मौजों की टैगिंग जिला स्तर से नहीं हो पा रही है।<br>• जिला स्तर पर अपर समाहर्त्ता अधिसूचित नहीं है।<br>• डाटा इंट्री ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति अन्यत्र किए जाने के कारण पद रिक्त है। |
| 4. | बांका | • एक राजस्व ग्राम डेढ़ लाख से अधिक खेसरों में अलग–अलग राजस्व ग्राम के रूप में विभक्त है एवं सभी का थाना नं0 एक है, जो बट्टा में विभक्त है। |
| 5. | शेखपुरा | • कुल 15 विशेष सर्वेक्षण शिविरों में मात्र 4 विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी उपलब्ध हैं। |
| 6. | पश्चिमी चम्पारण | • जिन विशेष सर्वेक्षण अमीनों द्वारा त्याग–पत्र दे दिया गया है, उनका भी नाम उपस्थिति में आ रहा है।<br>• बेतिया राज की भूमि के कागजात रैयतों के पास नहीं होने के कारण स्वामित्व निर्धारण में कठिनाई आ रही है। |
| 7. | सुपौल | • अधिकांश ग्रामों में खेसरों की संख्या अधिक होने के कारण खानापुरी में कम–से–कम दो माह का समय लग सकता है। |
| 8. | नालंदा | • संविदा अमीन एवं मोहर्रिर के ई0पी0एफ0 कटौती का आधार क्या होगा।<br>• 5000 से कम खेसरों वाले राजस्व ग्राम का प्रारूप प्रकाशन 30 जून–2022 तक की जाने की कार्य–योजना तैयार की गई है। |
| 9. | जमुई | • 3 अंचलों के 24 राजस्व ग्रामों में खतियान नहीं रहने के कारण कार्य बाधित हो रहा है। |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | सहरसा | • अधिकांश ग्रामों में खेसरों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण 30 जून–2022 तक प्रारूप प्रकाशन किए जाने में कठिनाई है। |
| 11. | मधेपुरा | • कुल 4 विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी में 2 कार्य करने में सक्षम नहीं है एवं शेष 2 को समाहर्त्ता, मधेपुरा द्वारा विधि व्यवस्था के कार्य में प्रतिनियुक्त कर दिया जाता है।<br>• समाहर्त्ता, मधेपुरा द्वारा प्रत्येक सोमवार को समीक्षात्मक बैठक किए जाने के कारण कठिनाई होती है। |
| 12. | शिवहर | • हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा Parent Child Relationship स्टेटमेंट नहीं दिए जाने के कारण कठिनाई आ रही है।<br>• भू–अर्जन अंतर्गत अधिग्रहित भूमि का ऑकड़ा भू–अर्जन कार्यालय से प्राप्त नहीं होने के कारण कठिनाई हो रही है। |
| 13. | पूर्णियाँ | • प्रथम चरण के अंतर्गत अधिकांश ग्रामों के प्रतिबंधित क्षेत्र होने के कारण एजेंसी द्वारा मानचित्र आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिस कारण कार्य बाधित हो रहा है। |
| 14. | लखीसराय | • हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा पर्याप्त संसाधन एवं सहयोग उपलब्ध नहीं कराने के कारण अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है।<br>• हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं की जा रही है। |
| 15. | अररिया | • कम्प्यूटर ऑपरेटर नहीं रहने के कारण कार्यों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है।<br>• बन्दोबस्त कार्यालय में एक भी लिपिक कार्य करने में सक्षम नहीं है एवं रात्रि प्रहरी के नहीं रहने के कारण सुरक्षा संबंधी कठिनाई आ रही है।<br>• समाहर्त्ता, अररिया द्वारा विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों को आपदा के कार्य में लगाये जाने के कारण कार्य बाधित होता है। |
| 16. | जहानाबाद | • 4 अंचलों में अवस्थित राजस्व ग्रामों में चकबन्दी के कारण समस्या आ रही है। |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | अरवल | • ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य 2 से 3 दिनों में समाप्त हो जाएगा।<br>• हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं की जा रही है। |
| 18. | खगड़िया | • हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं की जा रही है। |
| 19. | किशनगंज | • कुछ राजस्व ग्रामों की सीमा पूर्णियाँ के वैसे ग्रामों के साथ संबंद्ध है, जो प्रतिबंधित क्षेत्र के अंतर्गत है। |
| 20. | कटिहार | • हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा अपडेटेड मानचित्रों की आपूर्ति ससमय नहीं की जा रही है। |

उक्त प्रतिवेदन एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर निम्नांकित अतिरिक्त निदेश दिए गए:–

1. जिला स्तर पर समाहर्त्ता एवं बन्दोबस्त कार्यालय के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए समाहर्त्ताओं एवं आयुक्त को अनुरोध पत्र दिया जाए।
2. जिलास्तरीय विशिष्ट समस्याओं के संबंध में विगत् बैठक में दिए गए निदेश के आलोक में स्थायी समिति का गठन करते हुए सुझाव प्राप्त कर अविलंब जिलों को दिशा–निर्देश उपलब्ध कराया जाए।
3. विगत् समीक्षात्मक बैठक में जिलावार अधिकार–अभिलेख के प्रारूप प्रकाशन के लिए निर्धारित लक्ष्य (तिथि) के आलोक में जिलों से प्राप्त कार्य–योजना की समीक्षा नोडल पदाधिकारियों द्वारा शिविरवार की जाए एवं वैसे ग्रामों की गहन समीक्षा की जाए जिनका प्रारूप प्रकाशन निर्धारित तिथि के पश्चात् होना है। साथ ही विलंब होने के कारणों को उल्लेखित किया जाए।
4. जिला बन्दोबस्त कार्यालयों में पदस्थापित नियमित, विशेष सर्वेक्षण कर्मी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की समीक्षा स्थापना स्तर से करते हुए आवश्यकतानुसार कर्मी उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए एवं आवश्यकतानुसार सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया जाए।

बैठक में अंत में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि आगामी मासिक समीक्षात्मक बैठक में प्रत्येक जिला के द्वारा अपने–अपने जिले का प्रस्तुतीकरण (Power Point Presentation) तैयार कर बैठक में उपस्थापित किया जाए।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
**(ब्रजेश मेहरोत्रा)**
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.......860.......**पटना, दिनांक**:05-04-2022

**प्रतिलिपिः–** बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.......860.......**पटना, दिनांक**:05-04-2022

**प्रतिलिपिः–** अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.......860.......**पटना, दिनांक**:05-04-2022

**प्रतिलिपिः–** श्री अनिल कुमार सिंह, अनुदेशक, चकबन्दी निदेशालय/सहायक निदेशक, भू–अर्जन निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक: 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)–84/2019.......860.......**पटना, दिनांक**:05-04-2022

**प्रतिलिपि** :– जिलों से संबंधित तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

**निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019.........860.........**पटना, दिनांक:** 05-04-2022

**प्रतिलिपिः—** सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी, भू—अभिलेख एवं परिमाप / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / निदेशालय स्तर के सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019.........860.........**पटना, दिनांक:** 05-04-2022

**प्रतिलिपिः—** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019.........860.........**पटना, दिनांक:** 05-04-2022

**प्रतिलिपिः—** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक:** 17—विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही)—84 / 2019.........860.........**पटना, दिनांक:** 05-04-2022

**प्रतिलिपिः—** निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप